卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 12 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦शनिवार ♦18 अक्टूबर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

शिवा ज्वैलर्स एवं डायमंड
क्षेत्रवासियों को धनतेरस एवं दीवाली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
हमारे आभूषण आपका निखार,हॉलमार्क आभूषण और प्रमाणित हीरे
हॉलमार्क सोने के जेवर पक्के बिल के साथ पायें ● हमारे यहां 92.5 चांदी के जेवर उपलब्ध है।

| Carat | 22KT | 20KT | 18KT | 14KT |
|---|---|---|---|---|
| Purity | 91.60% | 83.33% | 75% | 58.5% |

Certified by IGI | BIS Certified
मेकिंग चार्ज पर भारी छूट
राजेन्द्र वर्मा मो.-9837371019
मितेश वर्मा मो.-7500537754
रितुल वर्मा मो.-7017520256
पता - सर्राफा बाजार,शिशु मन्दिर रोड,गदरपुर(उधमसिंहनगर)

# धनतेरस पर धन वर्षा से बाजार हुआ गुलजार

## गुरू मां इंटरप्राईजेज पर खरीददारी के लिए उमड़े ग्राहक, दिवाली ऑफर का उठा रहे लाभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। धनतेरस पर्व पर आज नगर के सभी बाजारों में चतुर्भुज धारी धनवंतरी जी की कृपा से बाजारों व्यापारियों द्वारा करोड़ों रूपयों का कारोबार किया गया। धनतेरस पर्व पर विशेष रूप से ज्वैलरी और बर्तनों की भीड़ दिखाई दी। वहीं रेडीमेड व इलैक्ट्रोनिक्स के साथ विभिन्न वाहनों के शोरूमों में भी लोगों ने जमकर खरीददारी बाजार में अधिकांश सामान की कीमतों में कमी आई है। जिसका ग्राहक पूरा लाभ ले रहे हैं। प्रातः दस बजे से ही ग्राहकों का





करोड़ों की धनवर्षा हुई। जिससे सभी व्यापारियों के चहरों पर खुशी दिखाई दी। अनुमान लगाया जा रहा है कि आज दुकानों पर ग्राहकों की लोगों ने अपने मनपसंद के जेवर और विभिन्न प्रकार के बर्तन खरीदे। दुकानों पर ग्राहकों की खासी की। रेडिमेड शोरूमों की ओर भी ग्राहकों का काफी रूझान रहा। केंन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी के दरों में कमी किये जाने से सामान लेने के लिए बाजार में आना शुरू हो गया था। जैसे जैसे समय बीतता गया ग्राहकों की संख्या (शेष पृष्ठ सात पर)

## दिवाली से पहले बाजार से चांदी गायब !

### ब्लैक में खरीदने को मजबूर ग्राहक



रुद्रपुर। धनतेरस से पहले बाजार में चांदी की किल्लत देखने को मिल रही है। हालात ऐसे बन गए हैं कि लोगों को ब्लैक में चांदी खरीदनी पड़ रही है। बाजार में केवल चांदी के बर्तन, मूर्तियां और छोटे सामान ही नजर आ रहे हैं, जबकि चांदी के सिक्के और सिल्वर बार जैसी वस्तुएं पूरी तरह से नदारद हैं। जानकारों का कहना है कि बीते एक हफ्ते में चांदी की मांग अचानक इतनी तेज हो गई कि कई कारोबारियों ने इसे स्टॉक करना शुरू कर दिया। मांग के मुकाबले आपूर्ति (शेष पृष्ठ सात पर)

SAMSUNG MOBILE CAFE
PHONE & ACCESSORIES
पता-दुर्गा मन्दिर गली,रुद्रपुर
प्रत्येक मोबाईल के साथ FREE GIFT
MOBILE MANTRA
0% डाउन पेमेंट
कहीं का भी आधार कार्ड लायें और फोन ले जायें
BAJAJ FINSERV | SAMSUNG Finance+ | HDB
ओल्ड इलाहबाद बैंक वाली गली के कार्नर पर,काशीपुर बाईपास रोड,रुद्रपुर मो.9917318000,9917301800

# पिकप और ट्रैक्टर ट्राली की भिड़ंत में चार की मौत, एक गंभीर

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। शनिवार सुबह नानकसागर बैराज के पास नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक हादसा ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए और ट्रॉली सड़क बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित हो गया।मिली जानकारी के अनुसार शनिवार




हुआ, जिसने इलाके को हिला कर रख दिया। मुर्गों से भरे एक पिकअप वाहन और सामने से आ रही मजदूरों से भरी किनारे पलट गई। हादसे में उत्तर प्रदेश के चार मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के को प्रातः रूद्रपुर से पिकप सख्या यूपी 22 बीटी 4229 मुर्गे लेकर खटीमा की ओर आ रहा था तभी (शेष पृष्ठ सात पर)

# रेस्टोरेंट में भीषण आग,लाखों की क्षति

## बिजली विभाग की लापरवाही से गई एक कारोबारी की पूरी कमाई

हल्द्वानी( उद संवाददाता) ।शहर के ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में बीती देर रात एक रेस्टोरेंट में लगी भीषण आग से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते पूरा रेस्टोरेंट आग की चपेट में आ गया और लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि समय रहते फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। रेस्टोरेंट स्वामी ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान के पास लगे बिजली के पोल से देर रात अचानक तेज स्पार्किंग हुई, जिससे आग ने रेस्टोरेंट को अपनी चपेट में ले लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली विभाग को कई बार पोल पर लटके ढीले तारों और खराब कनेक्शन की जानकारी दी गई थी, लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। नतीजतन, एक बड़ी लापरवाही के कारण वर्षों की कमाई पलभर में राख हो गई। रेस्टोरेंट में रखे रेफ्रिजरेटर, कीमती फर्नीचर, रसोई उपकरण, दस्तावेज और अन्य सामग्री पूरी तरह से जल गई। आग इतनी तेज थी कि



उसके आसपास की दुकानों को भी खतरा पैदा हो गया, हालांकि फायर ब्रिगेड की मुस्तैदी से बड़ा नुकसान टाल दिया गया। फायर ब्रिगेड अधिकारी मिंदर पाल सिंह ने बताया कि उन्हें जैसे ही आग लगने की सूचना मिली, तत्काल अग्निशमन वाहन और टीम को रवाना किया गया। टीम ने मौके पर पहुंच कर पूरी सतर्कता से आग को नियंत्रित किया और आस-पास की दुकानों को सुरक्षित किया। (शेष पृष्ठ सात पर)


AASTHA ELECTRONICS
0% FINANCE AVAILABLE
iPhone | vivo | SAMSUNG | oppo | Xiaomi | realme | NOKIA | ONEPLUS | SAMSUNG | Whirlpool | Haier | IFB | VOLTAS | O GENERAL | DAIKIN | BLUE STAR

अम्बिका ज्वैलर्स
हॉलमार्क ज्वैलरी आकर्षक डिजाईन
मेकिंग चार्ज में भारी छूट
शुद्धता की पूर्ण गारन्टी
निकट नावल्टी रेस्टोरेन्ट,रुद्रपुर(उधमसिंहनगर) मो.-9927012111
पहुँची, गढ़वाली व कुमाऊंनी नथ,गुलबन्द विशेष डिजाइन में तैयार किये जाते हैं।
राशि के नग जैसे मोती, मूंगा, माणिक्य, पन्ना, पुखराज आदि

# डीएम नितिन भदौरिया को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

## पी.एम. जनमन कार्यक्रम में पूरे देश में जनपद उधमसिंह नगर रहा चौथे स्थान पर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत सरकारसी की प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पी.एम. जनमन) कार्यक्रम में पूरे देश में जनपद उधमसिंह नगर चौथे स्थान पर रहा। भारत में जनपद उधमसिंह नगर चौथे स्थान पर रहने पर नई दिल्ली में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू ने जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन (पी.एम. जनमन) भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य देश के विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों का सर्वांगीण विकास करना है। यह कार्यक्रम 15 नवम्बर 2023 को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया। इस योजना के अंतर्गत भारत के 75 जनजातीय जिलों के लगभग 75 समुदायों के 28 लाख से अधिक लोगों को मुख्यधारा में लाने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य उन जनजातीय समुदायों तक बुनियादी सुविधाएँ पहुँचाना है जो अब तक विकास की मुख्यधारा से वंचित रहे हैं। इनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ पेयजल, बिजली, आवास, सड़क, मोबाइल नेटवर्क, और आजीविका के साधन शामिल हैं। सरकार ने इसके लिए पाँच प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है दृ (1) सुरक्षित आवास और बुनियादी सुविधाएँ, (2) शिक्षा और कौशल विकास, (3) स्वास्थ्य और पोषण, (4) आजीविका संवर्धन, और (5) सामाजिक सुरक्षा। पी.एम. जनमन कार्यक्रम का बजट लगभग 24,000 करोड़ रखा गया है, जो अगले तीन वर्षों में खर्च किया जाएगा। इसका कार्यान्वयन केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों के सहयोग से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का एक और उद्देश्य जनजातीय समुदायों की परंपराओं और संस्कृति को संरक्षित करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उत्तराखंड राज्य में जनजातीय जनसंख्या का एक महत्वपूर्ण भाग भोटिया, थारू, जौनसारी और रजि समुदायों से संबंधित है। इन समुदायों का अधिकांश निवास सीमांत और दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों में है, जहाँ पहुँच और संसाधनों की कमी लंबे समय से एक चुनौती रही है। जनमन कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तराखंड में इन समुदायों के लिए बेहतर सड़क



संपर्क, स्कूलों का उन्नयन, स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना, पोषण योजनाओं का विस्तार, और स्वरोजगार के अवसर सृजित किए जा रहे हैं। इसके अलावा, उत्तराखंड सरकार स्थानीय पारंपरिक व्यवसाय जैसे ऊनी वस्त्र, जड़ी-बूटी आधारित उत्पाद, और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जनमन कार्यक्रम से जोड़ रही है। इससे न केवल जनजातीय लोगों की आजीविका में सुधार होगा, बल्कि उनकी सांस्कृतिक पहचान भी सुरक्षित रहेगी। जनपद उधमसिंह नगर में पीएम जनमन योजना के अन्तर्गत 43 जनजाति गांव है। जिनमे 99 तोक शामिल है। जिनकी जनसंख्या 40881 है, जिसमे से 6886 परिवार विशेष रूप से कमजोर परिवार है। जिनमे से 824 परिवार आवासविहिन चिन्हित किये गये, इन सभी परिवारो को प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवास स्वीकृत कर प्रथम फेज में 97 परिवारो को प्रथम किस्त जारी कर दी गयी है। जबकि गदरपुर के कुल्हा गांव में जनजाति बच्चों के लिए 100 बेड का छात्रावास बनाने हेतु भूमि आवंटित कर 2.75 करोड़ की धनराशि आवंटित कर छात्रावास निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। जिसमे 123.75 लाख की धनराशि आवंटित की गयी है। इसी तरह गदरपुर के चुनपुरी में 01 आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माणाधीन व बाजपुर में 123.44 लाख से महोलीचौन, भीकमपुरी, सिंहाली व सेमलपुरी में 04 हुद्देशीय भवन निर्माणाधीन है तथा लघु सिंचाई द्वारा 179.38 लाख की धनराशि से बेतखेड़ी, विजयरमपुरा व बन्नाखेड़ा में गूल व नहरे बनाये गये है। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत विशेष रूप से कमजोर सभी 6886 परिवारों को पेयजल संयोजन दे दिया गया है। जनजाति क्षेत्रों में 05 वनधन केन्द्र संचालित किये गये है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष रूप से कमजोर गांव, समूहों में शतप्रतिशत टीकाकरण, 98 प्रतिशत संस्थागत प्रसव, शतप्रतिशत स्किल सेल एनिमिया व टीबी जांच की गयी है। इसके साथ ही 935 को प्रधानमंत्री मात्र वंदना योजना, 248 को उज्जवला योजना, 379 को पीएस किसान सम्मान निधि से लाभान्ति किया गया व 07 को विद्युत कनेक्शन, 8125 परिवारों के राशन कार्ड बनाये गये। पीएम जनमन कार्यक्रम भारत और उत्तराखंड दोनों के लिए सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो जनजातीय समाज को "विकास के हाशिये से विकास के केंद्र" तक लाने का प्रयास कर रहा है। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया कहा सभी अधिकारियों की सक्रियता से यह सम्मान मिला है, इसके लिए उन्होंने सभी को बधाईयां दी। कार्यक्रम में समाज कल्याण अधिकारी/नोडल अधिकारी पीएम जनमन अमन अनिरुद्ध मौजूद थे।

# शतरंज प्रतियोगिता में एम.बी. पी.जी. कॉलेज हल्द्वानी विजेता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कुमाऊँ विश्वविद्यालय की अतर-महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन चाणक्य लॉ कॉलेज, रुदपुर में बड़े ही उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में कुमाऊँ विश्वविद्यालय से संबद्ध आठ महाविद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर नागेन्द्र शर्मा (अध्यय जिल्ला ओलपिक एसोसिएशन एवं पूर्व क्रीडा अधिकारी, कुमाऊँ विश्व विद्यालय), कॉलेज के अध्यक्ष श्री एस पी सिंह, निदेशक श्री रविन्द्र सिंह बिष्ठ, तथा प्राचार्य डॉ. दीपाक्षी जोशी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर कुमाऊँ विश्वविद्यालय के क्रीडा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में डी एसबी परिसर, नैनीताल, एमबी पीजी कॉलेज, हल्द्वानी , राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर, राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, काशीपुर, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर, एस.बी.एस. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर, यूनिटी लॉ कॉलेज रुद्रपुर, आयोजक संस्थान, चाणक्य लॉ कॉलेज, रुद्रपुर ने प्रतिभाग किया। निदेशक रविन्द्र बिष्ट ने अपने उद्घ्बोधन में कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, एकाग्रता तथा बौद्धिक क्षमता का विकास करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्यपूर्ण भूमिका निभाती है। आयोजक सुचिग अनिल कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला डी.एस.बी. परिसर, नैनीताल और एम. बी. पी.जी. कॉलेज, हल्द्वानी के बीच खेला गया। रोमांचक



मुकाबले में एम.बी. पी. जी. कॉलेज, हल्द्वानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता टीम का खिताब अपने नाम किया, जबकि डी एसबी परिसर, नैनीताल उपविजेता रहा। कीड़ा अधिकारी डॉ संतोष कुमार ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से कुमाऊँ विश्वविद्यालय की शतरंज टीम का चयन कर लिया गया है, जो आगामी नवंबर माह में आयोजित होने वाली उत्तर भारत अंतर विश्वविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी। विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरण डॉ. संतोष कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर निर्णायक मण्डल में नीरज शाह, शेर सिंह विष्ट तथा धीरज बिष्ट ने ऑफिशियल के रूप में अपनी सेवाएँ दी। कार्यक्रम में डॉ. राजेश कुमार, डॉ सुरेन्द्र शिव, डॉ सुदर्शन कुमार, अजय सिंह, ललित सिंह बिष्ट, जीवन भट्ट , योगेश पाडे सहित चाणक्य जी कॉलेज के सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन के बाद कॉलेज प्रशासन ने सभी प्रतिभागी टीमों, निर्णायकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएँ दी।

# गजक विक्रेता को रूपयों से भरा खोया डिब्बा लौटाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। दीवाली पर्व पर गजक विक्रेता को पुलिस ने 2.5 लाख रुपयों से भरा खोया डिब्बा वापस लौटाकर उसे तोहफा दिया है। जानकारी के अनुसार 17 अक्टूबर को खीम चंद्र जोशी द्वारा नवाबी रोड जगदंबा नगर में स्थित अपनी मिष्ठान की दुकान जोशी गजक भंडार में काउंटर के पास एक गजक के डिब्बे में 2.5 लाख रुपए संभलकर रखें हुए थे और दोपहर के समय वह खाने के लिए अपने घर चले गए। इसी दौरान एक महिला गजक का ऑर्डर देने के लिए दुकान पर आई, जिस पर दुकान में ऑर्डर लेने वाले कर्मचारी द्वारा गलती से गजक के ऑर्डर में ही रूपए से भरे हुए डब्बे को भी महिला को दे दिया। जब दुकान के मालिक घर से वापस दुकान लौटे तो उन्होंने पाया कि रुपए से भरा वह डब्बा गायब है, जिस पर उन्होंने आसपास की दुकान में लगे सीसीटीवी में महिला की गाड़ी के बारे में जानकारी ली और पुलिस कंट्रोल रूम में पहुंचे। पुलिस कंट्रोल रूम की सीसीटीवी टीम द्वारा सब वाकया जानकर गाड़ी की खोजबीन शुरू कर दी।काफी प्रयासों में उपरांत पुलिस द्वारा ऑर्डर लेने वाली कुसुमखेड़ा निवासी उक्त महिला से संपर्क स्थापित कर रुपयों से भरा वह डिब्बा बरामद कर लिया और जोशी गजक भंडार के मालिक को उक्त बरामद धनराशि को प्रकाश चंद्र एसपी सिटी के माध्यम से सुपुर्द किया गया। अपने रुपए वापस पाकर मिष्ठान भंडार के स्वामी द्वारा पुलिस



टीम का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया गया। पुलिस टीम में सीसीटीवी टीम के प्रभारी जितेंद्र बुराठोकी, एचओ आराधना, एचओ निहाल उपाध्याय वकांस्टेबल राजेंद्र बिष्ट शामिल थे।




# देहरादून-टनकपुर एक्सप्रेस अब सप्ताह में तीन दिन चलेगी

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के रेल यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है- रेल मंत्रालय, भारत सरकार ने देहरादून-टनकपुर एक्सप्रेस (15019/15020) की सेवा आवृत्ति को साप्ताहिक से बढ़ाकर त्रि- साप्ताहिक (तीन दिन) करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में रेल मंत्रालय ने आदेश जारी कर दिया है।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की 08 अक्टूबर 2025 को नई दिल्ली में माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से हुई मुलाकात के दौरान इस विषय पर विस्तृत चर्चा हुई थी। मुख्यमंत्री के आग्रह पर रेल मंत्रालय ने शीघ्र कार्रवाई करते हुए टनकपुर-देहरादून रेल सेवा को सप्ताह में तीन बार चलाने की स्वीकृति प्रदान की है।नई समय सारिणी के अनुसार 15019 देहरादून-टनकपुर एक्सप्रेस अब बुधवार, शुक्रवार और रविवार को चलेगी।15020 टनकपुर- देहरादून एक्सप्रेस अब मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को चलेगी। यह सेवा वृद्धि यात्रियों की बढ़ती मांग और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को ध्यान में रखते हुए की गई है। रेल मंत्रालय ने उत्तराखंड के यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए इस निर्णय को शीघ्र प्रभाव से लागू करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस निर्णय के लिए रेल मंत्री एवं रेलवे बोर्ड का आभार व्यक्त करते हुए कहा देहरादून-टनकपुर रेल सेवा के विस्तार से कुमाऊँ और गढ़वाल के बीच आवागमन और अधिक सुगम होगा। यह न केवल यात्रियों की सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि व्यापार, पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को भी नई गति देगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड में रेल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं।

# दीपावली पर हाई अलर्ट मोड में स्वास्थ्य विभाग, 24 घंटे सक्रिय रहेंगी सभी स्वास्थ्य सेवाएं

देहरादून(उद संवाददाता)। दीपावली पर्व के अवसर पर उत्तराखंड सरकार ने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को पूरी तरह सक्रिय और सतर्क बनाए रखने के निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के दिशा-निर्देशों पर स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों के प्रशासन और चिकित्सा संस्थानों को अलर्ट मोड पर रखा है, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पर्वों की खुशियाँ तभी सार्थक हैं जब हर नागरिक सुरक्षित और स्वस्थ हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दीपावली के दौरान आग, सड़क दुर्घटनाओं या अन्य आपात स्थितियों से निपटने के लिए चौबीसों घंटे स्वास्थ्य सेवाएँ तैयार रहें।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि सभी अस्पतालों, एम्बुलेंस सेवाओं और आपात चिकित्सा इकाइयों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। विभाग ने पर्याप्त चिकित्सा कर्मियों की तैनाती, आवश्यक दवाओं और उपकरणों के भंडारण, तथा ब्लड बैंक और बर्न यूनिट की पूर्ण कार्यशीलता सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि जन सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और हर जिले में व्यवस्था की सतत समीक्षा की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नागरिकों से अपील की कि दीपावली उत्साह से मनाएं, लेकिन सुरक्षा नियमों का पालन अवश्य करें।स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि सभी जिलाधिकारियों और मुख्य चिकित्साधिकारियों को त्योहारों के दौरान 24-7 सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पर्वों के दौरान आग लगने, दुर्घटनाओं या अन्य स्वास्थ्य आपात स्थितियों की संभावना को देखते हुए अस्पतालों, ट्रॉमा सेंटरों और नियंत्रण कक्षों को पूरी तरह क्रियाशील रखा गया




है। जारी परिपत्र के अनुसार, 108 नेशनल एम्बुलेंस सेवा, जिला नियंत्रण कक्ष, और अस्पतालों के आपातकालीन वार्ड सतत निगरानी में रहेंगे। आपात सेवाओं के लिए पर्याप्त डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी तय की गई है। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि सभी जिलों में अग्निशमन, पुलिस, परिवहन और स्वास्थ्य विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया दी जा सके। उन्होंने बताया कि पर्वों के दौरान भीड़भाड़ वाले इलाकों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और बाजारों में मोबाइल मेडिकल यूनिट्स तैनात रहेंगी। जिलाधिकारियों को स्वास्थ्य संस्थानों की तैयारियों की समीक्षा और आवश्यक प्रशासनिक सहयोग सुनिश्चित करने को कहा गया है।स्वास्थ्य सचिव ने यह भी कहा कि जनजागरूकता के माध्यम से नागरिकों को सुरक्षित पर्व मनाने का संदेश दिया जा रहा है। स्थानीय मीडिया, सोशल मीडिया और सामुदायिक नेटवर्क के माध्यम से लोगों से अपील की गई है कि आतिशबाजी सावधानी से करें, विद्युत उपकरणों का प्रयोग सोच-समझकर करें और किसी भी दुर्घटना की स्थिति में तुरंत 108 हेल्पलाइन पर संपर्क करें। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने स्पष्ट किया कि सरकार जनता की सुरक्षा और स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि "सभी अधिकारी और कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि पर्वों की खुशी के बीच किसी भी नागरिक को चिकित्सा सुविधा पाने में कठिनाई न हो।स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने स्पष्ट किया कि विभाग का उद्देश्य केवल उपचार देना नहीं, बल्कि समय पर राहत और रोकथाम सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने कहा कि दीपावली और इगास पर्व के दौरान विभाग पूरी तत्परता से कार्य करेगा ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध हो सके। उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे पर्वों की खुशियाँ जिम्मेदारी के साथ मनाएं, दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद के लिए संपर्क करें।

# सीएम पुष्कर धामी ने दी धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज पर्व की शुभकामनाएँ

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा तथा भैया दूज की



शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों की सुख-शांति और समृद्धि की कामना करते हुए कहा है कि धनतेरस आरोग्यता के देव भगवान धन्वंतरि की पूजा का पर्व है। भगवान धन्वंतरी हम सबके जीवन में सुख-समृद्धि एवं आरोग्यता प्रदान करें इसकी उन्होंने कामना की है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दीपावली के पावन पर्व को सुख, समृद्धि और संपन्नता का प्रतीक बताते हुए सभी प्रदेशवासियों को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि माँ लक्ष्मी और भगवान श्री गणेश जी के आशीर्वाद से हम सभी के जीवन में सुख समृद्धि, शांति एवं आरोग्यता का संचार हो।मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली का यह पर्व केवल रोशनी, उत्साह और आनन्द का ही नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान का भी प्रतीक है। दीपावली राष्ट्रीय अस्मिता और गौरव का भी पर्व है। प्रकाश का यह पर्व हम सब के जीवन में धन, वैभव, यश, ऐश्वर्य और संपन्नता लेकर आये इसकी भी मुख्यमंत्री ने कामना की है।मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली का पर्व सत्य, सद्भावना एवं मर्यादा का भी संदेश देता है। दीपों का यह पर्व भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास के पश्चात वापस अयोध्या आने से भी जुड़ा है। दीपावली का पर्व बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक भी है।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि गोवर्धन पूजा समाज एवं देश की आर्थिक एवं सांस्कृतिक संसाधनों के संरक्षण का प्रतीक है। भैया दूज के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों, विशेष रूप से महिलाओं को बधाई व शुभकामनाएँ देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व भाई-बहनों के आपसी प्रेम, मातृ शक्ति के सम्मान के साथ परिवार एवं समाज में उनके महत्व को भी प्रदर्शित करता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली पर्व पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' एवं स्वदेशी अपनाओं देश बचाओं के मंत्र को आत्मसात करते हुए स्वदेशी व स्थानीय उत्पादों के प्रचार एवं प्रसार को हम सभी अधिक से अधिक बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की पूर्ति में भी अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को खरीद से स्थानीय शिल्प, कुटीर उद्योग और महिला स्वयं सहायता समूहों को भी सीधा लाभ मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड के कारीगरों की परंपरा और कौशल अत्यंत समृद्ध है। मिट्टी के दीये, हस्तनिर्मित सजावटी सामग्री, जैविक उत्पाद और पहाड़ी खाद्य पदार्थ न केवल स्थानीय स्तर पर लोकप्रिय हैं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सभी से इस दीपावली पर्व पर स्वदेशी उत्पादों से अपने घरों को रोशन करने की अपेक्षा की ताकि किसी अन्य परिवार के घर में भी खुशियों के दीप जल सकें।

# पत्नी से मारपीट कर हाथ तोड़ने वाला गिरफ्तार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।कोतवाली रुद्रपुर पुलिस ने घरेलू हिंसा के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पत्नी को जान से मारने की कोशिश करने और उसका हाथ तोड़ने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 03 अक्टूबर को हुकुम लाल पुत्र भूपराम, निवासी ग्राम पैनियां हिम्मत, थाना देवरिया, जिला पीलीभीत ने अपनी पुत्री जशोदा के साथ हुए घरेलू हिंसा की शिकायत कोतवाली रुद्रपुर में दर्ज कराई थी। तहरीर के अनुसार जशोदा के पति पीतमराम ने शराब के नशे में उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और उसका हाथ तोड़ दिया। इस गंभीर आरोप के आधार पर पुलिस ने धारा 115(2), 117 बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया। जांच के दौरान आरोपी को नोटिस (धारा 35(3) बीएनएसएस) जारी कर विवेचना में सहयोग हेतु



निर्देशित किया गया था। लेकिन आरोपी पीतमराम द्वारा न सिर्फ नोटिस की शर्तों का उल्लंघन किया गया, बल्कि मामले से जुड़े गवाहों को डराने-धमकाने की कोशिश भी सामने आई। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी पीतमराम पुत्र नन्हेलाल, निवासी दुधियानगर, रुद्रपुर को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# उत्तराखंड की गतका टीम ने रचा इतिहास

## 13वीं राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप में 6 स्वर्ण,एक रजत,16 कांस्य पदक जीते

गदरपुर(उद संवाददाता)। 13वीं राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप में उत्तराखंड से 15 गतका एथलीटों की टीम ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 स्वर्ण, 1 रजत और 16 कांस्य पदक जीतकर देवभूमि उत्तराखंड का नाम रोशन किया। उत्तराखंड गतका एसोसिएशन के महासचिव हरप्रीत सिंह ने बताया कि प्रभजोत सिंह ने अंडर 14 में दोहरी स्वर्ण पदक जीतकर मैन ऑफ द मैच और बेस्ट प्लेयर ऑफ द चैंपियनशिप का खिताब हासिल किया।नेशनल गतका एसोसिएशन आफ इंडिया द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 13वीं राष्ट्रीय गतका चैम्पियनशिप शुक्रवार को गुरु नानक इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भिलाई, छत्तीसगढ़ में धूमधाम से शुरू हुई। न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के सहयोग से आयोजित ये गतका प्रतियोगिताएँ भारत की प्राचीन जंगजू और सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ सिक्ख आध्यात्मिक कला का गौरवशाली प्रतीक हैं और वीरता,



अनुशासन, सद्भाव और सांस्कृतिक गौरव का संदेश भी देती हैं।इन राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग संसदीय क्षेत्र के सांसद विजय बघेल और पूर्व केबिनेट मंत्री एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर उनके साथ नेशनल गतका एसोसिएशन आफ इंडिया (एनजीएआई) के अध्यक्ष हरजीत सिंह ग्रेवाल, छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत के चौयरमैन जसबीर सिंह चहल, न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष एवं प्रख्यात समाजसेवी इंद्रजीत सिंह छोटू, महासचिव जसवन्त सिंह खालसा और उत्तराखंड गतका एसोसिएशन के महासचिव हरप्रीत सिंह। इस चैंपियनशिप मे भारत भर के बारह राज्यों से 500 से अधिक खिलाड़ी ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि रविवार, 12 अक्टूबर को समापन समारोह में गतका सोटी और फरी-सोटी स्पर्धाओं की विभिन्न व्यक्तिगत व टीम प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस उपलब्धि की सराहना करते हुए उत्तराखंड गतका एसोसिएशन के अध्यक्ष हरवीर सिंह गिल, सभी स्कूल प्रिंसिपल, खेल विभाग, ओलंपिक विभाग और शिक्षा विभाग ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

# बिचली गौजाजाली के निवासियों को डा. पंत ने बांटे फलदार पौधे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर के बिचली गौजाजाली में पर्यावरण विद एवं पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. आशुतोष पंत द्वारा ग्रामीणों को आंवला, तेजपत्ता, अनार, नींबू और करौंदा के पौधे भेंट किए गए। कार्यक्रम में पार्षद संजय पांडे, हीरा सिंह थापा और कंचन जोशी ने सहयोग किया। डा. पंत ने कहा कि एक प्रश्न स्वाभाविक है कि अब बरसात निकल चुकी है क्या अब भी पौधे लगाए जा




सकते हैं। हां यदि सही देखभाल कर सकते हैं तो अभी समय है। बरसात में पौध रोपण की परम्परा इसलिए है क्योंकि इस दौरान 3/4 महीने जमीन गीली रहती है और पौधे कम देखभाल में भी पनप जाते हैं। यदि सार्वजनिक जगहों में, पार्क वगैरह में पौधरोपण करना हो तो बरसात में ही करना चाहिए पर अपने घर खेत में सीमित संख्या में नवंबर तक ये पौधे लगाए जा सकते हैं।

# होली चाइल्ड स्कूल में स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।होली चाइल्ड स्कूल ने विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को ध्यान में रखते हुए तीन दिवसीय स्वास्थ्य जाँच शिविर



का आयोजन किया। द मेडिसिटी हॉस्पिटल, रूद्रपुर के सहयोग से विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जाँच शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस शिविर में कक्षा प्री-नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जाँच की गई। द मेडिसिटी हॉस्पिटल, रूद्रपुर के डॉक्टरों- दंत चिकित्सक- डा. दीपाली जैन, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. दीक्षा सेठी एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ- डा. दिव्या सगवाल एवं प्रशिक्षित टीम की देख-रेख में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सभी विद्यार्थियों के दाँत व आँखों की जाँच की तथा सभी को उचित परामर्श दिया। इसके अलावा गाइनीकोलोजिस्ट द्वारा छात्राओं को विशेष परामर्श दिया गया तथा उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। सभी छात्रों ने इस शिविर में विशेष उत्साह दिखाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मिन्टू दूबे ने बताया कि देश के भविष्य को समर्थ व सशक्त होने के लिए अच्छे स्वास्थ्य का होना जरूरी है। जोकि समय-समय पर इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से ही सम्भव हो सकता है।इस अवसर पर संस्था के वाइस चेयरमैन श्री विकास बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा ने कहा कि विद्यार्थियों के अच्छे स्वास्थ्य हेतु इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भविष्य में भी जारी रहेगा।

# ठुकराल ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

रुद्रपुर। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने खुदीराम बोस नगर में कार्यकर्ताओं की बैठक ली, जहां उन्होंने स्थानीय नागरिकों की समस्याएं सुनीं और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श भी किया। बैठक में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से पूर्व विधायक ठुकराल का भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी संगठन की असली ताकत होते हैं और उन्हीं के दम पर जनसमस्याओं को समझा और सुलझाया जा सकता है। उन्होंने आगामी चुनाव को लेकर रणनीति तैयार करने और बूथ स्तर तक मजबूत जनसंपर्क पर जोर देने की बात कही। पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करते हुए उनके सुझाव भी सुने और आश्वासन दिया कि क्षेत्र की हर समस्या को गंभीरता से लेकर संबंधित विभागों के माध्यम से समाधान कराया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने बैठक के दौरान अपने



विचार रखते हुए स्थानीय स्तर पर मूलभूत समस्याओं, सड़क, सफाई और जल निकासी जैसी मुद्दों पर ध्यान दिलाया। ठुकराल ने सभी को भरोसा दिलाया कि जनहित से जुड़े हर मुद्दे को प्राथमिकता से उठाया जाएगा। इस अवसर पर रमेन विश्वास, रवि, आनंद शर्मा, ललित बिष्ट, रामपद, महादेव राय, गोविन्द, तरुण गाईन, शंकर गाईन, मंगल गाईन, मुकेश राय, विक्की मंडल, ध्रुव सरकार, प्रवीण विश्वास, अक्षय विश्वास, सुराज, राजेश सरकार, तरुण राय, अनुकूल सहित दर्जनों कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# दिवाली पर उल्लुओं की तस्करी रोकने को कॉर्बेट टाइगर रिजर्व हाई अलर्ट पर

रामनगर। दिवाली नजदीक आते ही कॉर्बेट टाइगर रिजर्व हाई अलर्ट मोड पर आ गया है। हर साल की तरह इस बार भी उल्लुओं के अवैध शिकार की आशंका को देखते हुए पार्क प्रशासन ने कमर कस ली है। वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी फील्ड कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं और रात्रिकालीन गश्त को कई गुना बढ़ा दिया गया है। पारंपरिक अंधविश्वास के चलते उल्लुओं की बलि देने की प्रथा कुछ स्थानों पर अब भी जारी है। मान्यता है कि देवी लक्ष्मी का वाहन उल्लू है और दिवाली की रात उसकी बलि देने से धन और समृद्धि प्राप्त होती है। इसी भ्रामक धारणा के कारण हर साल दिवाली के





आसपास उल्लुओं की तस्करी और हत्या के मामले सामने आते हैं। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व प्रशासन ने बताया कि यह केवल वन्यजीव संरक्षण कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि पारिस्थितिक संतुलन के लिए भी गंभीर खतरा है। उल्लू पर्यावरण में कृंतक नियंत्रण और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।इस खतरे को देखते हुए बिजरानी, ढिकाला, झिरना, ढेला और दुर्गा देवी जैसे कॉर्बेट के प्रमुख जोनों में विशेष गश्त की जा रही है। उत्तर प्रदेश से सटी दक्षिणी सीमा पर भी विशेष चौकसी बरती जा रही है। इस अभियान में उत्तर प्रदेश वन विभाग भी कॉर्बेट प्रशासन के साथ संयुक्त रूप से कार्य कर रहा है। वन्यजीव प्रेमी छिम्वाल ने कहा, ष्यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिवाली जैसे पर्व पर लोग अंधविश्वास में आकर निर्दोष पक्षियों की बलि देते हैं। हमें समाज में व्यापक जागरूकता लानी होगी कि उल्लू धन का प्रतीक नहीं, बल्कि प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं। वहीं, कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के एसडीओ अमित ग्वासाकोटी ने कहा,दिवाली के दौरान उल्लू के शिकार की आशंकाओं को देखते हुए पूरे रिजर्व को अलर्ट पर रखा गया है। कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं और सीमा क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।हमारा उद्देश्य है कि किसी भी कीमत पर वन्यजीवों को नुकसान न पहुंचे।कॉर्बेट प्रशासन ने स्थानीय लोगों और पर्यटकों से अपील की है कि यदि किसी को उल्लू या अन्य वन्यजीवों के शिकार, तस्करी या किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें। प्रशासन का कहना है कि केवल सरकारी प्रयास नहीं, जन सहयोग और जागरूकता से ही इन निरीह पक्षियों की रक्षा की जा सकती है।








# आनंद ज्वैलर्स की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को

# धनतेरस-दीपावली-भैया दूज

## की हार्दिक शुभकामनाएं




**दीपावली ऑफर**

**51000 रू.**
के सोने-चांदी की खरीददारी पर सोने का सिक्का फ्री पायें।



मशीन द्वारा सोने की शुद्धता की नि:शुल्क जांच

**खरीददारी करें और जीतें कार**

**25000/-**
के डायमण्ड की खरीद पर पाएं **लक्की कूपन**




**पता : शिशु मंदिर रोड, सर्राफा बाजार, गदरपुर**

# शिवा ज्वैलर्स का धमाका : जितना सोना खरीदो, उतनी चांदी फ्री

## धनतेरस-दीपावली पर ग्राहकों के लिए गोल्ड ज्वैलरी की मेकिंग चार्ज पर पांच प्रतिशत तक भारी छूट

गदरपुर। नगर के सर्राफा बाजार स्थित शिवा ज्वैलर्स ने धनतेरस और दीपावली के शुभ अवसर पर अपने ग्राहकों के लिए शानदार ऑफर की घोषणा की है। शोरूम प्रबंधन ने बताया कि इस त्योहारी सीजन में जो ग्राहक जितना सोना खरीदेंगे, उन्हें उतनी ही मात्रा में चांदी बिल्कुल मुफ्त दी जाएगी। साथ ही सोने के गहनों पर मेकिंग चार्ज में भारी छूट और डायमंड ज्वेलरी पर अधिकतम छूट भी दी जा रही है। शिवा ज्वैलर्स के संचालक राजेंद्र वर्मा ने बताया कि ग्राहकों को इस पर्व पर कुछ विशेष देने की सोच के साथ यह ऑफर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि शिवा ज्वैलर्स का उद्देश्य सिर्फ बिक्री करना नहीं, बल्कि ग्राहकों के साथ लंबे समय का भरोसेमंद संबंध बनाए रखना है।शिवा ज्वैलर्स की स्थापना वर्ष 1960 में स्वर्गीय कश्मीर लाल वर्मा द्वारा की गई थी। उस समय यह एक छोटी सी दुकान थी,लेकिन उनके परिश्रम, ईमानदारी और ग्राहकों के प्रति पूर्ण विश्वास ने इस प्रतिष्ठान को सर्राफा बाजार की सबसे प्रतिष्ठित दुकानों में शामिल कर दिया। आज उनके पुत्र राजेंद्र वर्मा और उनके पौत्र नितेश वर्मा एवं रितुल वर्मा इस व्यवसाय को नई ऊँचाइयों तक ले जा रहे हैं। तीन पीढ़ियों से चल रही यह पारिवारिक परंपरा गदरपुर क्षेत्र में विश्वसनीयता का पर्याय बन चुकी है। राजेंद्र वर्मा बताते हैं कि उनके पिता स्व. कश्मीर लाल वर्मा ने हमेशा ग्राहकों को "विश्वास और ईमानदारी" की पूंजी दी। यही कारण है कि आज भी उनके पुराने ग्राहक परिवार की तरह जुड़े हुए हैं।






### 'हमारे आभूषण आपका निखार' के साथ आधुनिकता का मेल

गदरपुर। शोरूम के डायरेक्टर नितेश वर्मा और रितुल वर्मा ने बताया कि बदलते समय और आधुनिक डिजाइन की मांग को ध्यान में रखते हुए उन्होंने इस वर्ष के लिए एक विशेष कलेक्शन तैयार किया है। उन्होंने कहा कि हमारे आभूषण-आपका निखार सिर्फ एक नारा नहीं बल्कि ग्राहकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है। हमारे सभी उत्पाद हॉलमार्क प्रमाणित हैं ताकि ग्राहकों को शुद्धता पर पूरा भरोसा रहे। उन्होंने बताया कि शादी-ब्याह के सीजन को देखते हुए शोरूम पर सोने-चांदी के गहनों की नई-नई रेंज उपलब्ध है। पारंपरिक डिजाइन के साथ-साथ मॉडर्न लुक वाले नेकलेस सेट, कंगन, झुमके, अंगूठियां और डायमंड ज्वेलरी का नया कलेक्शन लोगों को खासा पसंद आ रहा है।





### डायमंड ज्वेलरी में मेकिंग चार्ज 0%, गोल्ड पर भी भारी छूट

गदरपुर। नगर के सर्राफा बाजार स्थित शिवा ज्वैलर्स ने इस धनतेरस और दीपावली पर अपने ग्राहकों के लिए एक और शानदार ऑफर की घोषणा की है। शोरूम संचालक राजेन्द्र वर्मा ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान पर अब डायमंड ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज बिल्कुल फ्री रखा गया है। यानी डायमंड की किसी भी ज्वेलरी पर ग्राहकों को 0% मेकिंग चार्ज देना होगा। संचालकों ने बताया कि त्योहारी सीजन में यह ऑफर उन ग्राहकों के लिए खास आकर्षण है जो उच्च गुणवत्ता वाले डायमंड आभूषण खरीदना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्राहकों को बेहतर मूल्य और पारदर्शिता देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। वर्मा बंधुओं ने बताया कि न केवल डायमंड ज्वेलरी बल्कि गोल्ड ज्वेलरी पर भी मेकिंग चार्ज में 5% तक की भारी छूट दी जा रही है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिवा ज्वैलर्स हमेशा से अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता और शुद्धता वाले आभूषण उचित दरों पर प्रदान करता आया है। उन्होंने धनतेरस और दीपावली के शुभ अवसर पर सभी ग्राहकों से अपील की है कि वे शोरूम पर आकर विशेष ऑफर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और नए डिजाइन की ज्वेलरी के साथ त्योहार की खुशियां दोगुनी करें।



### त्योहारी रौनक में शिवा ज्वैलर्स पर ग्राहकों की भीड़

गदरपुर। शिवा ज्वैलर्स के विशेष ऑफर की चर्चा इन दिनों पूरे क्षेत्र में है। धनतेरस और दीपावली के अवसर पर ग्राहकों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। रोजाना बड़ी संख्या में लोग शोरूम पहुंचकर सोने-चांदी के गहनों की खरीदारी कर रहे हैं।ग्राहक न केवल ऑफर से प्रसन्न हैं, बल्कि दुकान की पुरानी विश्वसनीयता और शुद्धता पर भी भरोसा जताते हैं। वर्मा बंधुओ ने सभी ग्राहकों से अपील की है कि वे धनतेरस और दीपावली पर उनके शोरूम में पहुंचकर नए कलेक्शन को अवश्य देखें। उन्होंने कहा कि हर ग्राहक हमारे लिए परिवार का हिस्सा है, और इस पर्व पर हम चाहते हैं कि हर घर में खुशियों की चमक हमारे आभूषणों से बढ़े।

## दुकानों से लिए खाद्य पदार्थों के नमूने


हल्द्वानी (उद संवाददाता)। दीपावली पर्व के दृष्टिगत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन देहरादून तथा जिला अधिकारी के निर्देश पर शनिवार को हल्द्वानी, रामनगर तहसील में अभियान चलाया गया। जिसमें मिठाई के दो , एक पनीर तथा बेकरी का नमूना लिया गया। उक्त सभी नमूने जांच के लिए राजकीय खाद एवं औषधि विश्लेषण साल रुद्रपुर भेज दिए गए हैं। जनपद में कुल चार नमूने भरे गए तथा 8 निरीक्षण किया गया। उक्त प्रवर्तन टीम में टीम में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी नैनीताल अनिल कुमार मिश्रा, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी हल्द्वानी अभय कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी हल्द्वानी ग्रामीण नंदकिशोर उपस्थित रहे। उक्त अभियान आगे भी जारी रहेगा एवं उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार की मिलावट की शिकायत पर तुरंत विभाग को सूचित करें एवं उच्च गुणवत्ता खाद्य पदार्थ का ही सेवन करें।



### समाजसेवी अमरनाथ जैन के निधन पर शोक

रुद्रपुर। नगर के प्रमुख समाजसेवी और वरिष्ठ कांग्रेस नेता 85 वर्षीय अमरनाथ जैन के निधन पर तमाम लोगों ने शोक व्यक्त किया है। स्व. जैन नगर के प्रमुख आढ़ती तथा ट्रांसपोर्ट व्यवसायी तथा कांग्रेस के आधार स्तंभ थे। नगर की धार्मिक था सामाजिक संस्थाओं में वे हमेशा सक्रिय रहते थे उनके निधन पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपालकृष्ण भसीन, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ अजयकुमार सिंह,वरिष्ठ कांग्रेस नेता जसबीरसिंह कुमार, पूर्व पालिकाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल शर्मा,समाजसेवी सुभाष खंडेलवाल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अभिनव छाबड़ा, पवन अग्रवाल , महेश अग्रवाल, नरेंद्र नरूला ने भी स्वर्गीय जैन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। लोकतंत्र सेनानी संघ प्रवक्ता एडवोकेट सुभाषचंद्र छाबड़ा ने अमरनाथ जैन की समाजसेवी के रूप में की गई उनकी सेवाओं को मुक्त कंठ से याद किया।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# रेल यात्रियों की भीड़

हर वर्ष त्योहारों पर घर जाने के लिए बड़ी संख्या में लोगों को जद्दोजहद करनी पड़ती है। जबकि सरकार यह दावा करती है कि यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ाई गई है। विशेष गाड़ियां भी चलाई जा रही हैं। फिर भी ये कम क्यों पड़ रही हैं? हालत यह है कि दीपावली और छठ से पहले देश के विभिन्न शहरों से अन्य दिशाओं खासकर पूरब या बिहार की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए टिकट हासिल करना युद्ध जीत लेने जैसा होता है। भारी संख्या में लोग किसी ट्रेन में टिकट न मिलने पर निराश होते हैं। यहां तक कि तत्काल कोटे में भी लोगों को सीट नहीं मिलती। इसके लिए जो नियम-कायदे अब बनाए गए हैं, उससे आमतौर पर साधारण यात्रियों को असुविधा ही हो रही है।दूसरी ओर मुंबई, पुणे, सूरत, बंगलुरु और दिल्ली जैसे बड़े शहरों से लखनऊ, पटना और कोलकाता जाने वाले विमानों का महंगा किराया विकल्पों को सीमित कर देता है। रेलवे ने प्रतीक्षा सूची के यात्रियों को राहत देने के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन जरूर किया है, लेकिन इसका असर नहीं दिख रहा है।त्योहारों पर हर बार बड़ी संख्या में ट्रेनें चलाने की घोषणा कर दी जाती है। फिर भी यात्रियों को टिकट नहीं मिलता। सवाल है कि बारह हजार से अधिक विशेष ट्रेनें चलाने की घोषणा के बावजूद यात्रियों के लिए आसानी से टिकट उपलब्ध क्यों नहीं है? खासतौर पर होली और दिवाली जैसे त्योहारों पर यह हर वर्ष की समस्या है। सरकार के सामने ऐसे मौके पर ट्रेनों की जरूरत का पूरा अनुमान और हिसाब होता है, मगर यह समस्या बदस्तूर कायम है। यह कड़वा सच है कि आज भी हजारों यात्री जान जोखिम में डाल कर सामान्य कोच से अपने घर जाते हैं। प्लेटफार्म पर कभी-कभी भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो जाती है। जाहिर है, यात्रियों की संख्या के हिसाब से चलाई जा रही ट्रेनें पर्याप्त नहीं हैं। विकल्प के तौर पर कई लोग बसों से यात्रा करते हैं, जो काफी जोखिम भरा और बेहद महंगा भी होता है। एक ओर, बुलेट ट्रेन चलाने सहित भारतीय रेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सेवा बनाने के दावे किए जाते हैं, दूसरी ओर पर्व-त्योहार के मौके पर लाखों लोगों के लिए अपने गांव-घर जाना एक मुश्किल चुनौती है। दीवाली और छठ के मौके पर अपने घर लौटने और छुट्टियां बिताने वालों की संख्या तेजी से बढ़ गई है। त्योहार के दौरान बड़ी संख्या में लोग काम से छुट्टी लेकर न सिर्फ अपने परिवार से मिलने जा रहे हैं, बल्कि कई लोग पर्यटन और धार्मिक स्थलों की ओर भी रुख कर रहे हैं। वहीं हवाई और बस किराए में डेढ़ से दो गुना तक की बढ़ोतरी हो गई है। बढ़ती यात्रा मांग का असर अब हवाई किरायों और होटल बुकिंग पर साफ दिख रहा है। लोकप्रिय रूटों पर हवाई टिकटों के दाम बढ़ गए हैं, वहीं होटल कमरों की मांग में भी पिछले साल की तुलना में 20 से 25 फीसदी तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

# डिलीवरी के बाद महिला की मौत,भड़के परिजनों ने की तोड़फोड़

## हंगामे के बाद अस्पताल परिसर में पुलिस बल तैनात, डॉक्टरों के पैनल से होगी जांच

सितारगंज(उद संवाददाता)। पीलीभीत रोड के निजी हॉस्पिटल में डिलीवरी के बाद महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। जिससे स्वजनों में आक्रोश फैल गया। गुस्साए स्वजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा काटकर तोड़फोड़ कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालात को बमुश्किल संभाला। गुरुवार को शक्तिफार्म देवनगर निवासी रंजीत बक्शी ने 25 वर्षीय रेश्मा बक्शी को 15 अक्टूबर को डिलीवरी के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। स्वजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने विभिन्न जांच कराई। 16 अक्टूबर की शाम को डॉक्टरों ने गर्भवती महिला का ऑपरेशन कर उसकी डिलीवरी कराई। डिलीवरी के बाद रेश्मा को लंबे समय तक होश नहीं आया। इस दौरान किसी को उससे मिलने भी नहीं दिया गया। 17 अक्टूबर की रात रेशमा की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही स्वजन भड़क गए और उन्होंने अस्पताल बखेड़ा कर तोड़फोड़ शुरू कर दी। उन्होंने डॉक्टरों का लाइसेंस निरस्त करने की मांग की।



मौके पर पहुंचे एसएसआई विक्रम धामी ने स्वजनों से बातचीत कर स्थिति को नियंत्रित किया। इस दौरान पुलिस की मौजूदगी में स्वजन और अस्पताल प्रबंधन के बीच कई दौर की वार्ता हुई। सीओ बीएस धौनी ने बताया कि डॉक्टरों के पैनल से पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। इधर डॉ. रिचा पांडे ने बताया कि रेश्मा को ब्लड प्रेशर की शिकायत थी। परिजनों को इस बारे में जानकारी दी गई थी। परिजनों की सहमति से ही ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद उसका ब्लड प्रेशर अचानक बढ़ गया, जिससे उसे दौरे पड़े और उसकी मौत हो गई। **24 घंटे में मातम में बदली खुशियां :** रंजीत के परिवार में 24 घंटे के भीतर खुशियां मातम में बदल गई। रंजीत का करीब डेढ़ वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। उसकी पत्नी रेशमा ने बेटे को जन्म दिया था। जिससे स्वजनो में खुशी का माहौल था। लेकिन रेश्मा की बिगड़ती तबीयत ने खुशी को मातम में बदल दिया। शुक्रवार देर शाम उसकी मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। पति रंजीत का रो-रोकर बुरा हाल है। **बखेड़े के माहौल से मरीजों में खौफ :** डिलीवरी के बाद महिला की मौत होने से आक्रोशित स्वजन ने अस्पताल परिसर के कई हिस्सों में तोड़फोड़ की। तोड़फोड़ की आवाज और शोरशराबे से अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों में दहशत फैली रही। बताया जाता है कि अस्पताल में कुछ लोगों ने तोड़फोड़ के इरादे से हाथों में ईट, पत्थर उठा लिए। गुस्साए लोग अस्पताल में घुसने लगे जिससे अस्पताल स्टाफ भी भयभीत है। सुरक्षा की दृष्टि से अस्पताल परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है।

# आरएएन स्कूल में झलकी बाल प्रतिभा की चमक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आरएएन पब्लिक स्कूल में कक्षा चतुर्थ के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने शनिवार को "स्पर्धा फ्रॉम केअर टू कैरियर शीर्षक से एक भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। इस सांस्कृतिक समारोह करना था। मंच पर प्रस्तुतियों ने यह सिद्ध कर दिया कि आरएएन पब्लिक स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. आर. डी. सिंह (पूर्व डीन, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग एंड राय (डायरेक्टर), श्रीमती निधि राय (प्रशासिका) एवं श्रीमती रेखा कर्नाटक (शैक्षणिक सलाहकार) की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत के साथ हुआ। 'देश सर्वोपरि' और 'एलुमनाई मीट' जैसी विविध प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। हर प्रस्तुति में बच्चों की तैयारी, आत्मविश्वास और भाव-प्रवण अभिनय देखते ही बनता था। प्रशासिका श्रीमती निधि राय ने अपने संबोधन में कहा,





में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जीवन मूल्यों, संस्कारों और करियर मार्गदर्शन को रोचक अंदाज में मंच पर सजीव किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, पारिवारिक संस्कारों और जीवन कौशल का विकास टेक्नोलॉजी) उपस्थित रहे। उनके साथ श्री एवं श्रीमती सैवद आलम (खंड शिक्षा अधिकारी, रुद्रपुर), डॉ. (श्रीमती) शिक्ष्सा, डॉ. बी. एस. रौतेला, श्री परम्पाल सुखीजा, विंग कमांडर एच. के. राय (चेयरमैन), श्रीमती मधु राय, श्री मोहित प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों और भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। बच्चों ने मंच पर 'गुरु की महिमा', 'जंक फूड', 'फैमिली वैल्यूज और लाइफ स्किल्स', "माता-पिता, दादा-दादी और शिक्षकों का सम्मान ही जीवन का आधार है, और मातृभूमि का स्थान सर्वोपरि है। मुख्य अतिथि डॉ. आर. डी. सिंह ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विद्यालय के शैक्षिक व नैतिक प्रयासों की प्रशंसा की।

# पिटाई से युवक का फटा कान का पर्दा, कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 13 दूधियानगर निवासी एक व्यक्ति की ओर से दायर एक प्रार्थना पत्र के आधार पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रुद्रपुर के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मामले में आरोप है कि दिवंगत मई माह में सड़क पर एक स्कॉर्पियो सवार लोगों ने ई-रिक्शा चालक छोटे लाल के साथ बर्बर मारपीट की, जिससे उसका कान का पर्दा फट गया और वह जीवन भर के लिए विकलांग हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 27 मई 2025 की रात लगभग 9:30 बजे की है जब जसवंत अपने भाई छोटे लाल के साथ ई-रिक्शा से घर लौट रहा था। रॉयल कॉलोनी, बिगवाड़ा के पास एक काली स्कॉर्पियो ने उनकी गाड़ी को ओवरटेक कर रोक लिया और उसमें सवार चार लोगों ने छोटे लाल को सड़क पर पटक कर डंडों से पीटना शुरू कर दिया। घटना स्थल पर मौजूद कर्मवीर सिंह और आकाश कुमार नामक राहगीरों ने बीच-बचाव कर किसी तरह छोटे लाल को हमलावरों से बचाया। उन्होंने हमलावरों की पहचान संजय सिंह बिष्ट (स्वामी श्रीगणपति एसोसिएट्स, मटकोटा, पंतनगर) और नरेश कुमार (सुपरवाइजर, श्रीगणपति एसोसिएट्स) के रूप में की। स्कॉर्पियो में सवार अन्य तीन लोगों की पहचान नहीं हो सकी । परिजनों की मदद से घायल को घर लाया गया और हालत बिगड़ने पर 29 मई को जिला अस्पताल रुद्रपुर में इलाज कराया गया। बाद में 4 जून को चंदन हॉस्पिटल में कराए गए परीक्षण में कान का पर्दा फटने की पुष्टि हुई, जिससे पीड़ित को स्थायी सुनने की क्षमता में कमी होने का खतरा बताया गया है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए उन्होंने 19 जून को थाने में लिखित तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद डाक द्वारा तहरीर भेजी गई और 14 जुलाई को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी शिकायत दी गई। जब पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, तब 23 अगस्त 2025 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में फौजदारी प्रार्थना पत्र दायर किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रुद्रपुर के आदेश पर अंततः कोतवाली रुद्रपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

# ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ने राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में लहराया परचम

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। प्रारंभिक शिक्षा उत्तराखंड की 12वीं राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025-26 में शक्तिफार्म का नाम गौरवान्वित करते हुए ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और स्वर्ण वर्षा कर सबका दिल जीत लिया। प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 16 अक्टूबर तक महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम, देहरादून में किया गया, जिसमें प्रदेश के 13 जिलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विद्यालय की छात्रा कोमल कौर ने उच्च प्राथमिक वर्ग की गोला फेंक प्रतियोगिता में 24 प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान भी सुनिश्चित किया। इसी क्रम में विद्यालय की बालक और



बालिका बास्केटबॉल टीमों ने भी उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते और राष्ट्रीय स्तर पर चयन के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। वहीं, त्रिलोक सिंह चिलवाल ने तैराकी में रजत पदक तथा गौरव मेवारी ने 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय ने इस प्रतियोगिता में कुल 25 स्वर्ण, 1 रजत व 1 कांस्य पदक जीतकर शक्तिफार्म क्षेत्र, विद्यालय व अभिभावकों का मान बढ़ाया। विद्यालय के प्रबंधक नवीन जोशी,प्रधानाचार्य, उपप्रधानाचार्य व समस्त स्टाफ ने सभी विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही खेल प्रशिक्षक प्रकाश सिंह बोरा, प्रदीप कुमार, लक्ष्मण सम्बल व पुष्पा फर्त्याल को भी इस उपलब्धि के लिए विशेष बधाई दी गई। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के खेल मानकों को ऊँचा उठाती है, बल्कि यह आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेगी।

# दीपावली पर शांति व्यवस्था को लेकर कोतवाली में बैठक सम्पन्न

किच्छा। दीपावली त्योहार के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन एवं व्यापारियों की एक बैठक कोतवाली परिसर में संपन्न हुई। बैठक में तमाम बिंदुओं को लेकर चर्चा की गई और एसडीएम गौरव पांडे ने यातायात व्यवस्था तथा पटाखे की दुकान लगाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कोतवाली परिसर में उप जिलाधिकारी गौरव पांडे की अध्यक्षता में व्यापारियों तथा पुलिस प्रशासन की संयुक्त बैठक में कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पटाखा व्यापारियों को इंदिरा गांधी खेल मैदान में दुकान लगाते समय सावधानी बरतने तथा अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था रखने के भी निर्देश दिए गए। एसडीएम पांडे ने सभी लोगों से आपसी भाईचारे के साथ-साथ सौहार्द पूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील करते हुए सड़क पर टैंट आदि लगाकर अतिक्रमण किए जाने की दशा में कार्रवाई की चेतावनी दी। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने कहा कि यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत किसी भी व्यापारी द्वारा अपनी दुकान के बाहर सड़क पर टैंट आदि व्यावसायिक



सामान रखकर अतिक्रमण नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण किए जाने तथा यातायात व्यवस्था बाधित होने की दशा में संबंधित व्यापारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने साफ कहा कि गली मोहल्ले में सुरक्षा के दृष्टिगत आतिशबाजी की बिक्री पूर्णत वर्जित है, इसलिए नगर के निश्चित स्थान इंदिरा गांधी खेल मैदान में आतिशबाजी की सभी दुकानें लगेगी। इस दौरान तमाम व्यापारियों ने भी अपनी-अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। पुलिस प्रशासन द्वारा कुछ मोबाइल विक्रेताओं द्वारा लगाए गए टेंट को उतारे जाने पर व्यापारियों ने नाराजगी जताई। जिस पर कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने साफ कहा कि दुकानदार अपनी दुकान की हद में टेंट लगा सकता है, लेकिन सड़क पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 18-19 एवं 20 अक्टूबर को नगर के मुख्य बाजार में चार पहिया वाहनों तथा ई-रिक्शा टुकटुक वाहनों की आवाजाई पर रोक लगाई गई है एवं रेलवे स्टेशन के सामने, दीनदयाल चौक, गैस एजेंसी मोड तथा मुख्य बाजार को जोड़ने वाले सभी संपर्क मार्गों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। बैठक में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी, वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद, व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय अरोड़ा, महामंत्री नितिन फुटेला, व्यापारी नेता गुलशन सिंधी, संजीव खन्ना, गोल्डी गोराया, दिनेश भाटिया, प्रहलाद खुराना, दानिश इकबाल सहित तमाम व्यापारी एवं अधिकारी गण मौजूद रहे।

# अमरनाथ जैन के निधन पर शोक व्यक्त

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व पालिका अध्यक्ष और कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती मीना शर्मा ने कांग्रेस के बरिष्ठ नेता और शहर के प्रमुख समाज सेवी, जैन समाज के अग्रणीय अमरनाथ जैन की मृत्यु पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है, श्रीमती शर्मा ने कहा की श्री जैन की मृत्यु से शहर को बहुत क्षति हुई है, जिसकी भरपाई संभव नही है, श्रीमती शर्मा ने कहा की स्वर्गीय जैन ने शहर को नई दिशा दी, उनके सामाजिक कार्य बर्षो बर्षो तक याद किये जाते रहेंगे, इधर शुक्रवार को श्री जैन का पार्थिव शरीर मोक्ष धाम लाया गया, जहां उनके पुत्रों ने मुखाग्नि दी, तदनुपरांत



स्वर्गीय जैन पंचतत्व में विलीन हो गए, इससे पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सी पी शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष हरभजन सिंह, संघटन महामंत्री जिला कांग्रेस योगेश चौहान, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष संदीप चीमा, कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, रजत बाम्बा, आदि ने अंतिम यात्रा के मोक्ष धाम पहुँचने पर श्री जैन के पार्थिव शरीर पर कांग्रेस का ध्वज और शॉल डाल कर उन्हें अंतिम विदाई दी, इस अवसर पर सेकडों लोग उपस्थित थे।

# स्कूली बच्चों एवं यात्रियों के जीवन से किया जा रहा है खिलवाड़

## स्कूल बसों की जांच को लेकर भाजपा नेता लवी सहगल ने संभागीय परिवहन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

किच्छा(उद संवाददाता)। छोटे-छोटे बच्चों तथा यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत नगर क्षेत्र में चल रही निजी बसों एवं स्कूल बसों के फिटनेस सर्टिफिकेट, प्रदूषण सहित अन्य दस्तावेजों की जांच कराए जाने की मांग को लेकर संभागीय परिवहन अधिकारी गुरदेव सिंह से मुलाकात कर भाजपा नेता लवी सहगल ने ज्ञापन सौंपते हुए जल्द कार्रवाई का आग्रह किया। भाजपा नेता एवं खाद्य मंत्रालय भारत सरकार के उत्तराखंड सदस्य लवी सहगल ने संभागीय परिवहन अधिकारी गुरदेव सिंह को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया और ज्ञापन सौंपते हुए तमाम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने संभागीय परिवहन अधिकारी गुरदेव सिंह को अवगत कराया कि क्षेत्र में चल रही स्कूल बसों एवं प्राइवेट बसों के फिटनेस सर्टिफिकेट, परमिट एवं प्रदूषण की जांच किया जाना अति आवश्यक है, क्योंकि बिना जांच के सैकड़ो बसें रोजाना स्कूली बच्चों एवं यात्रियों को लेकर सड़कों पर दौड़ रही हैं, जिससे यात्रियों के साथ-साथ सैकड़ो छोटे-छोटे बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। भाजपा नेता सहगल




ने कहा कि जानकारी के अनुसार कुछ स्कूल बसों का फिटनेस सर्टिफिकेट कई महीने पूर्व समाप्त हो चुका है तथा कई वाहनों की वैधता जल्द ही समाप्त होने वाली है एवं कई वाहनों के पास वैध लाइसेंस/परमिट एवं टैक्स रसीद का भी अभाव है। कहा कि कई बस संचालकों द्वारा हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र जैसी अनिवार्य शर्तों का पालन किए बिना वाहनों को राष्ट्रीय राजमार्ग पर खुलेआम दौड़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नियम कानून की धज्जियां उड़ाकर निजी बस संचालकों द्वारा नियमों का घोर उल्लंघन किया जा रहा है तथा परिवहन विभाग से बसों में सीसीटीवी कैमरा, फायर सेफ्टी उपकरण, फर्स्ट एड बॉक्स जैसी जरूरी सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिससे साफ प्रतीत हो रहा है कि या तो विभाग ने इन वाहनों की कभी जांच ही नहीं की है या फिर खुलेआम हो रही इस लापरवाही को देखकर विभागीय अधिकारियों ने आंख बंद करना उचित समझा है। भाजपा नेता सहगल ने कहा कि बिना फिटनेस सर्टिफिकेट, बिना प्रदूषण एवं बिना परमिट बसों का संचालन छोटे बच्चों की सुरक्षा के साथ गंभीर खिलवाड़ है, यदि इन वाहनों की फिटनेस और सुरक्षा की जांच करते हुए उचित कार्रवाई नहीं की गई तो किसी भी समय बड़ा हादसा होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। भाजपा नेता सहगल ने परिवहन विभाग से उक्त बिंदुओं पर तुरंत संज्ञान लेते हुए दोषी स्कूल प्रबंधक एवं निजी वाहन स्वामियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। भाजपा नेता ने बताया कि आरटीओ गुरदेव सिंह ने इस गंभीर मुद्दे पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अब देखना यह होगा कि परिवहन विभाग द्वारा नियम कानून को ताक पर रखकर चल रही इन बसों के खिलाफ कोई कार्रवाई की जाएगी या फिर गहरी नींद में सो रहे अधिकारीगण किसी बड़े हादसे का इंतजार करेंगे ? अब सवाल यह उठता है कि अगर आने वाले समय में कोई हादसा हुआ तो उसका जिम्मेदार कौन होगा ?

## स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला चिकित्सालय बनाने की मांग का सांसद भट्ट ने लिया संज्ञान

किच्छा। भाजपा नेता लवी सहगल द्वारा विगत दिनों सांसद अजय भट्ट को दिए ज्ञापन का संज्ञान लेते हुए सांसद भट्ट ने प्रदेश के उच्च शिक्षा विद्यालय माध्यमिक एवं स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत को पत्र प्रेषित कर नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला चिकित्सालय बनाए जाने के संबंध में कार्रवाई करने को लेकर आग्रह किया है। विगत दिनों नगर आगमन पर भाजपा नेता सहगल ने सांसद भट्ट को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि क्षेत्र की आबादी निरंतर बढ़ रही है तथा नगर के एकमात्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा सुविधाओं की कमी होने के कारण मरीजों तथा जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सहगल ने सांसद भट्ट को दिए ज्ञापन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रेडियोलॉजिस्ट, सर्जन चिकित्सक एवं अन्य पदों पर चिकित्सकों की नियुक्ति कर सीएचसी का उच्चीकरण करते हुए उप जिला चिकित्सालय बनाए जाने का आग्रह किया था। सांसद भट्ट ने पत्रांक संख्या 142 के माध्यम से भाजपा नेता सहगल को अवगत कराया कि उनके द्वारा मामले का संज्ञान लेकर कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत को पत्र जारी कर किच्छा के स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला चिकित्सालय बनाए जाने की दिशा में जल्द कार्रवाई का आग्रह किया है। भाजपा नेता सहगल ने सांसद भट्ट का आभार जताते हुए कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत से पत्र का संज्ञान लेते हुए जल्द कार्रवाई का आग्रह किया।

# अल्मोड़ा के नये डीएम अंशुल सिंह ने ग्रहण किया कार्यभार

## स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।जिले को नया जिलाधिकारी मिल गया है। 2018 बैच के आईएएस अधिकारी अंशुल सिंह ने शुक्रवार को कलैक्ट्रेट पहुंचकर विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वे हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण में उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। कलैक्ट्रेट पहुंचते ही उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्रा, संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत गौरी प्रभात, उपजिलाधिकारी सदर संजय कुमार, द्वाराहाट के एसडीएम सुनील कुमार राज सहित अन्य अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। जिलाधिकारी ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद सबसे पहले कोषागार का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने डबल लॉक, सिंगल लॉक, सीसीएल, डीसीएल आदि व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने कलैक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का भी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता के कार्यों के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए और सभी कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों के प्रति तत्पर रहें। मीडिया से बातचीत में नवागत जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने कहा कि वे जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पेयजल और खेल गतिविधियों पर विशेष ध्यान देंगे। वहीं नवागत डीएम अंशुल सिंह ने अपना कार्यभार ग्रहण करते ही शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर्स, संसाधन, अस्पतालों की समीक्षा की। सीएमओ को निर्देश दिए कि जनपद में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।कलेक्टट में आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि यह सुनिश्चित



किया जाए कि जनपद में जो संसाधन उपलब्ध हैं, उनका शत प्रतिशत उपयोग हो। उन्होंने चौखुटिया में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चल रहे आंदोलन का भी संज्ञान लिया है। आंदोलन के बारे में विस्तृत जानकारियां प्राप्त की तथा संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चौखुटिया सीएचसी को उप जिला चिकित्सालय के रूप में उच्चीकृत किए जाने की शासन से स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने कार्यदाई संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि चौखुटिया अस्पताल का आगणन जल्द से जल्द तैयार किया जाए। ब्लॉक धौलादेवी के कई गांव में वायरल एवं अन्य कारणों से हुई कैजुअल्टी का भी संज्ञान लिया। इस संबंध में उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों से विभिन्न जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ नवीन चंद्र तिवारी, प्रिंसिपल राजकीय मेडिकल कॉलेज डॉ सीपी भैंसोड़ा, पीएमएस जिला अस्पताल डॉ हरीश चंद्र गढ़कोटी, उपजिलाधिकारी सदर संजय कुमार, द्वाराहाट सुनील कुमार राज आदि रहे।

# ठुकराल मेन्स वियर का भव्य शुभारंभ

रूद्रपुर। शहर के मुख्य बाजार स्थित मटके वाली गली में नये वस्त्र प्रतिष्ठान 'मैसर्स ठुकराल मेन्स वियर' का भव्य शुभारंभ किया गया। प्रतिष्ठान का उद्घाटन पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर प्रतिष्ठान स्वामी अनिकेत तनेजा एवं स्पर्श ठुकराल को शुभकामनाएं देते हुए पूर्व विधायक ठुकराल ने उनके उज्ज्वल



भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि नए उद्यम से न केवल व्यापार को बल मिलेगा बल्कि युवाओं को रोजगार और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सेवा का लाभ भी मिलेगा। इस मौके पर दर्शना ठुकराल, विम्मी ठुकराल, वीना हांडा, सुमिता ठुकराल, संजय ठुकराल, मनीष ठुकराल, पवन गाबा, विजय बत्र, गर्वित ठुकराल, राजेश तनेजा, केवल तनेजा, सलमान, इमरान, खुश रावल, अंकित, अजय झाम, हिमांशु समेत कई गणमान्य नागरिक, परिजन और स्थानीय व्यापारी उपस्थित रहे।

# मारपीट और फायरिंग के मामले में कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मोहल्ला जगतपुरा में एक गौशाला चालक और उसके परिवार पर हमले और फायरिंग का मामला अब न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दर्ज कर लिया है। प्रकरण के अनुसार इशरत अली पुत्र मुंशी निवासी वार्ड नंबर 5 जगतपुरा ने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल कर न्याय की गुहार लगाई थी। पीड़ित के अनुसार 21 अगस्त की रात करीब दस बजे वह मोहल्ले में टहल रहा था, तभी उसने देखा कि निसार अहमद, शाकिर, साजिद, अबरार और उनके साथ 10 से 12 अज्ञात लोग रेहान उर्फ टिन्ना नाम के युवक से मारपीट कर रहे थे। बीच-बचाव करने पर सभी आरोपी वहां से चले गए, लेकिन करीब एक घंटे बाद वही लोग लाठी-डंडे, धारदार हथियार और तमंचों से लैस होकर इशरत अली के घर में घुस आए। आरोप है कि उन्होंने इशरत अली और उनके पुत्र फुरखान पर हमला कर दिया। हमले में इशरत अली के सिर पर गंभीर चोट आई, जिनका इलाज रुद्रपुर के सरकारी अस्पताल में कराया गया, जहां उनके सिर में आठ से दस टांके लगे और बाद में उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। वहीं, उनके पुत्र फुरखान के दाहिने हाथ पर धारदार हथियार से वार किया गया, जिससे उसका हाथ फट गया और बाएं हाथ पर भी गहरी चोटें आईं। शिकायत में कहा गया है कि हमलावरों ने तमंचे से हवाई फायरिंग की और घर में तोड़फोड़ करते हुए सोने-चांदी के आभूषण और कार लूट ली। घटना के दौरान आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। न्यायालय के आदेश के बाद थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि सभी आरोपी गुंडा प्रवृत्ति के हैं और पीड़ित परिवार को अब भी जान-माल का खतरा बना हुआ है।

# 2027 के चुनावों में आम आदमी पार्टी का होगा खास चेहरा: सुभाष

गदरपुर(उद संवाददाता)। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार दोगलेपन का रूप लेकर आम जनमानस की मूलभूत सुविधाओं का भी ध्यान नहीं रख पा रही है, जिससे आम जनमानस में रोष पाया जा रहा है । उनका कहना था कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी ने उत्तराखंड में अपने अधिक से अधिक प्रत्याशियों को चुनाव के लिए तैयार करना शुरू कर दिया है



उन्होंने कहा कि गदरपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी के रूप में तैयारी करने के लिए उन्हें हरी झंडी मिल चुकी है । उन्होंने कहा सभी सम्मानित जनमानस से एक जुट होकर अपने हकों के लिए जागरूक होना होगा ।

# पेज एक का शेष...

**धनतेरस पर धन वर्षा...**बढ़ने लगी। नगर के मुख्य बाजार सहित ट्रांजिट कैम्प, काशीपुर बाईपास रोड़, किच्छा बाईपास रोड़, गंगापुर रोड़, किच्छा रोड़, काशीपुर रोड़, बिलासपुर रोड़, हल्द्वानी रोड़ पर स्थित सभी विभिन्न उत्पादों के शोरूमों में ग्राहकों की खूब भीड़ उमड़ी। ग्राहकों की भीड़ देखकर सभी व्यापारियों के चेहरों पर मुस्कान दिखाई दे रही थी। इधर मिठाई के साथ ही सजावटी सामान, दीपावली व धनतेरस की पूजा सामग्री, खील खिलौने, देवी देवताओं की प्रतिमायें, कलेंडर, फूल, हार, मिट्‌टी के दिये, मोमबत्ती आदि की भी ग्राहकों ने जमकर खरीददारी की। गांधी पार्क में दीपावली के मौके पर लगाये गये स्वदेशी उत्पादित सामान के मेले में भी हजारों की संख्या में ग्राहक उमड़े। ज्वैलरी के शोरूमों में सोने व चांदी के सिक्कों की काफी मांग रही। वहीं वाहनों के शोरूमों में इलैक्ट्रोनिक वाहन तथा कारों की जमकर बिक्री हुई। जबकि इलैक्ट्रिक शोरूमों में फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन, मोबाईल, एसी आदि की खरीददारी में लोगों ने काफी रूचि दिखाई। अनेक व्यापारियों ने बताया कि इस वर्ष सामान की बिक्री में काफी उछाल आया है। मोबाईल व इलैक्ट्रिक शोरूम स्वामियों द्वारा दीपावली के मौके पर ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए कई आकर्षक ऑफर भी रखे गये हैं।

**पिकप और ट्रैक्टर ट्राली...**नानकसागर बैराज से नीचे नर्सरी के पास नेशनल हाईवे पर सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्राली और पिकप वाहन में जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसा इतना भयावह था कि आमने सामने की टक्कर में ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गएं और ट्राली पलट गई। हादसे के समय कई मजदूर ट्रैक्टर ट्राली में सवार थे। घटना की सूचना मिलने पर नानकसागर चौकी इंचार्ज राजेन्द्र पंत ने अन्य पुलिस कर्मियों की मदद से 108 से घायलों को खटीमा के अस्पताल में पहुंचाया। जहां अखिलेश पुत्र अंतराम सिंह निवासी ग्राम उधमपुर, थाना उधमपुर, जिला अमरोहा और जयवीर पुत्र श्यामलाल निवासी ग्राम हसनगढ़, थाना अचौड़ा, जिला संभल (उत्तर प्रदेश) को मृत घोषित कर दिया गया। बाद में शीशपाल सिंह पुत्र महावीर सिंह निवासी हसनपुर एवं गुरमुख पुत्र राजेंद्र निवासी हसनपुर ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। एक घायल जयवीर पुत्र धर्मवीर का गंभीर हालत में उपचार चल रहा है। बताया गया है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार सभी मजदूर उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड आए थे और बिजली विभाग के लिए लाइन डालने का कांट्रैक्ट पर काम कर रहे थे। हादसे के वक्त वे किसी कार्यस्थल की ओर ही जा रहे थे। उसी दौरान यह हादसा हुआ। पुलिस ने पिकअप और ट्रैक्टर दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार और लापरवाही से ड्राइविंग मानी जा रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**रेस्टोरेंट में भीषण...**उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण विद्युत शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। घटना के बाद से पुलिस और अग्निशमन विभाग ने संयुक्त जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों और व्यापारियों का आरोप है कि यदि विभागीय अधिकारी समय पर सतर्क होते, तो यह हादसा टाला जा सकता था। रेस्टोरेंट में लगी आग ने एक बार फिर शहर में बिजली विभाग की कार्यशैली और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। व्यापारियों का कहना है कि ट्रांसपोर्ट नगर जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र में यदि इस तरह की घटनाओं पर समय रहते ध्यान न दिया गया, तो भविष्य में और भी गंभीर हादसे हो सकते हैं।

**दिवाली से पहले बाजार से ...**बेहद कम हो गई, जिससे चांदी की खुदरा उपलब्धता बाजार से लगभग खत्म हो गई। जानकारों के अनुसार, बीते सप्ताह अचानक चांदी की डिमांड में उछाल देखा गया। लोगों को लगा कि मांग बढ़ने से चांदी के दाम और ऊपर जा सकते हैं और उपलब्धता पर असर पड़ सकता है। इसी आशंका के चलते लोगों ने बड़ी मात्रा में चांदी खरीदकर स्टॉक कर ली। अब जबकि धनतेरस और दिवाली जैसे पर्व पर चांदी की पारंपरिक खरीदारी होती है, बाजार में आपूर्ति ठप पड़ गई है। स्थानीय सर्राफा बाजार के एक दुकानदार ने नाम न छापने की शर्त पर बताया पिछले चार-पांच दिनों से हमारे पास चांदी का नया स्टॉक नहीं आ पाया है। जो थोड़ा-बहुत था, वो भी प्री-बुकिंग में चला गया। लोग लगातार पूछ रहे हैं, लेकिन हमें खुद नहीं पता कि अगला स्टॉक कब आएगा। धनतेरस पर तो स्थिति और भी गंभीर हो गई। कई ग्राहक दुकानों से खाली हाथ लौटते देखे गए, क्योंकि उन्हें मनचाहा चांदी का सामान नहीं मिल सका। सर्राफा कारोबारियों का कहना है कि यदि जल्द ही चांदी का नया स्टॉक बाजार में नहीं आया, तो दिवाली तक किल्लत और बढ़ सकती है।इस बीच कुछ दुकानदार चुपचाप प्रीमियम दरों पर चांदी बेच रहे हैं, जिससे बाजार में कालाबाजारी जैसी स्थिति बनती जा रही है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# धनतेरस पर गोल्डन एजेन्सी में उमड़े ग्राहक





रूद्रपुर। गोल्डन एजेन्सी के नैनीताल रोड़ पर सिद्धू पैलेस वाली गली आवास विकास में तीन मंजिला शो रूम में आज धनतेरस पर्व पर खरीदारी करने वालों का तांता लगा हुआ है। ग्राहक अपने पसंद के कूकर, स्टील के बर्तन, क्राकरी, गिफ्ट पैकेट सहित किचन में रोजाना उपयोग होने वाले बर्तनों व अन्य सामान की भारी छूट के साथ खरीददारी कर रहे हैं। गोल्डन एजेन्सी के स्वामी किशोर अरोरा ने बताया कि धनतेरस व दीपावली के पावन पर्व पर देश विदेश की प्रतिष्ठित कम्पनियों के कूकर और क्राकरी के हर सामान पर बम्पर धमाका सेल चल रही है। कल 19 अक्टूबर तक चलने वाली इस महासेल में पीएनबी, हॉकिंन्स, युनाईटेड व प्रेस्टीज आदि प्रतिष्ठित कम्पनियों के कूकर पर ग्राहकों को 30 से 50 प्रतिशत तक की भारी छूट प्रदान की जा रही है। जो कम्पनियों से भी कम रेटों पर है। श्री अरोरा ने बताया कि इसके अतिरिक्त बोरोसिल, मिल्टन सहित कई प्रतिष्ठित कम्पनियों की बोटल्स, कप प्लेट सहित अन्य क्राक्ररी के सामान पर भारी छूट दी जा रही है। ऐसा सुनहरा मौका ग्राहकों के पास बार बार नहीं आता है। श्री अरोरा ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में स्टील, व कांच के बर्तनों के साथ ही रसोई में दैनिक उपयोग में आने वाले कई सामान भी काफी कम कीमत पर उपलब्ध हैं। उन्होंने नगर व आसपास क्षेत्र के सभी सम्मानित ग्राहकों से आग्रह किया कि घरेलू सामान के लिए हर प्रकार की खरीददारी पर भारी छूट पाने के लिए उनके प्रतिष्ठान गोल्डन एजेन्सी में आकर इसका लाभ भरपूर उठायें।













